हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 29 मई 2025

तापमान
अधिकतम 39 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

10 इंडस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने कराटे प्रतियोगिता में लहराया परचम



10 बेटियां ईश्वर का सबसे सुंदर उपहार, मत करो....



## खबर संक्षेप

### 9.35 ग्राम हैरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** नरवाना सीआइए स्टाफ ने हिसार रोड पर निजी स्कूल के निकट पंजाब के एक युवक को काबू उसके कब्जे से 9.35 ग्राम हैरोइन बरामद की है। शहर थाना नरवाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ नरवाना को सूचना मिली थी कि हिसार रोड पर नीजि स्कूल के निकट एक युवक नशीले पदार्थ बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है।

### मारपीट में युवक घायल, मामला दर्ज

**कैथल।** कस्बा ढांड में हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इसमें बीपीआर कॉलोनी ढांड के 65 वर्षीय रामपाल ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 25 मई को जब वह कस्बा ढांड से गुजर रहा था तो एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा लोहे की रॉड उसके सिर में चोटें मारकर उसे घायल कर दिया। बाद में आरोपी फरार हो गया।

### बाप व बेटी से मारपीट करने पर मामला दर्ज

**जींद।** बुढाबाबा बस्ती घर में घुस कर बाप व बेटी से मारपीट करने तथा दस लाख रुपये की डिमांड करने पर शहर थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुढाबाबा बस्ती निवासी छज्जूराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विकास नगर निवासी कुलदीप व उसके परिजन घर में घुस आए। आरोपितों ने दस लाख रुपये की डिमांड की। जब उसने रुपये न होने की बात कही। जिस पर कुलदीप परिवार ने उस पर हमला कर दिया।

### मकान से नकदी और जेवरात चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव दनौदा खुर्द में चोरों ने मकान से 45 हजार रुपये की नगदी तथा सोना, चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव दनौदा खुर्द निवासी शमशेर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने 45 हजार रुपये की नगदी, सोने की चैन, चांदी का कडा चोरी कर लिया। घटना का सुबह उस समय पता चला सोकर उठा था।

### प्रताड़ित करने के आरोप में सास गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल की एक कालोनी की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में महिला थाना पुलिस की लेडी एचसी सीमा द्वारा पीड़िता की धौला कुआं चोपड़ा पत्ती नरवाना जिला जींद निवासी सुशीला को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 12 दिसंबर 2019 को नरवाना निवासी तेजेंद्र के साथ हुई थी।

### गांव छाप्पर बस अड्डे पर दंपती के साथ मारपीट

**जींद।** गांव छाप्पर बस अड्डे पर हमला कर दंपती को घायल करने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिंघाना निवासी सुमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पति के साथ छाप्पर बस अड्डे पर थी। उसी दौरान कहासुनी के चलते सुरेंद्र परिवार ने उसके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब उसने बचाने की कोशिश की तो आरोपितों ने उसके साथ भी मारपीट की।

### गांव फ्रांस वाला से एक विवाहिता लापता, केस

**कैथल।** गांव फ्रांस वाला से एक विवाहिता बिना बताए घर से चली गई। इस संबंध में फ्रांस वाला के एक व्यक्ति ने सदर पुलिस कैथल को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 मई को दोपहर के समय उसकी पत्नी किसी काम के लिए गई थी लेकिन वह वापस नहीं लौटी। उन्होंने उसकी आसपास तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

# करोड़ा के पच्चीस वर्षीय जवान गुरमीत सिंह का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार, बड़े भाई ने दी मुखाग्नि

### *ड्यूटी पर तबीयत बिगड़ी, दिल्ली में इलाज के दौरान मौत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद/कैथल

जम्मू कश्मीर में गांव करोड़ा का जवान 25 वर्षीय गुरमीत शहीद हो गया। बुधवार को गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई ने उन्हें मुखाग्नि दी। गुरमीत सिंह (25) 2017 में सेना में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। वह श्रीनगर में 20वीं बटालियन ग्रेनेडियर रेजिमेंट में तैनात थे। 5 महीने पहले वह छुट्टी काटकर लौटे थे। ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ गई थी। इलाज के लिए उन्हें दिल्ली के अस्पताल ले जाया गया। यहां उन्होंने अंतिम सांस ली। गुरमीत की अभी शादी नहीं हुई थी। गुरमीत के पिता राजा राम ने कहा कि जब गुरमीत बीमार हुआ था, तब से परिवार के लोग उसके साथ ही हैं।

#### घर में माता-पिता के अलावा, भाई-बहन

गुरमीत के परिवार में माता-पिता और 2 भाई बहन हैं। बड़े भाई मनदीप और बहन सुनीता की शादी हो चुकी है। पिता राजा राम गांव में ही 3 एकड़ जमीन पर खेती करते हैं। गुरमीत की पढ़ाई गांव के सरकारी स्कूल में ही हुई है। 12वीं करने के बाद वह 2017 में सेना में सिपाही के पद पर भर्ती हो गए थे। इसी साल जनवरी महीने में गुरमीत छुट्टी लेकर घर आए थे। करीब एक महीना वह घर पर रहे। फरवरी में वह ड्यूटी पर लौट गए थे। परिवार के लोगों ने बताया कि जब गुरमीत छुट्टी आए थे तो परिवार के लोगों ने उनसे शादी की बात की थी, लेकिन गुरमीत ने अभी शादी करने से इनकार कर दिया था। इसके बाद परिवार के लोगों ने फिलहाल शादी की बात टाल दी थी। पूर्व सैनिक बोले- काला पीलिया हुआ था: कैथल के पूर्व सैनिक एसोसिएशन के प्रधान जगजीत सिंह ने बताया कि गुरमीत श्रीनगर में ड्यूटी पर तैनात थे। वहां वह बीमार हो गए। डॉक्टरों ने उन्हें काला पीलिया बताया था। उन्हें दिल्ली के फफ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।



कैथल। गुरमीत को पुष्पांजलि अर्पित करते परिजन व ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

#### बहन बोलीं- रक्षाबंधन पर भाई की बहुत याद आएगी

गुरमीत की बहन सुनीता ने कहा कि गुरमीत उनके लाडले भाई थे। वह हर त्योहार पर विशेषकर रक्षाबंधन पर गिफ्ट लेकर जरूर पहुंचते थे। सुनीता ने रोते हुए आगे कहा कि अब उन्हें रक्षाबंधन पर भाई की बहुत याद आएगी। दोस्त बोला- गुरमीत ने नॉन मेडिकल से 12वीं की: गुरमीत के दोस्त संजय कुमार ने बताया कि मैं गुरमीत के साथ 12वीं क्लास तक पढ़ा हूं। गुरमीत ने नॉन मेडिकल से 12वीं क्लास पास की थी। 2017 में मैंने और गुरमीत ने अंबाला में ओपन भर्ती दी थी। उस दौरान गुरमीत का सिलेक्शन हो गया था और मेरा रहा गया था। भाई ने कहा- हमें शहादत पर गर्व: गुरमीत के भाई मनदीप ने कहा कि उन्हें गुरमीत की शहादत पर गर्व है। भारत माता ने आज एक वीर सपूत खोया है। उन्होंने देश के युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित किया है।



अलेवा। नगूरां बिजली निगम कार्यालय पर रोष जताते ग्रामीण।

# बिजली निगम के खिलाफ नारेबाजी करके जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

गांव नगूरां स्थित पधान कालोनी के लोगों को करीब दो महिने से निर्बाध रूप से बिजली नहीं मिलने के चलते बुधवार को कालोनी की महिलाओं तथा पुरूषों ने निगम कार्यालय नगूरां पहुंच कर निगम प्रशासन के खिलाफ रोष जताया। ग्रामीणों ने बताया कि अगर उनकी समस्या का जल्द समाधान नही हुआ तो ग्रामीण रोड़ जाम करने पर विवश होगें। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। गांव नगूरां निवासी प्रदीप, दीपक, बुधराम, बीरा, बंटी, अजय के अलावा महिला शांति, सोना, कांता, खुजानी आदि ने बताया कि करीब दो महीने से पधान कालोनी में ट्रांसफार्मर पर लगी केबल के बार-बार जलने के कारण उनको निर्बाध रूप से बिजली नहीं मिल रही है। केबल के बार-बार जलने से कालोनी के लोगों को कम-ज्यादा वोल्टेज मिल रही है। जिसके कारण उनके बिजली के उपकरण जल रहे है। इसके अलावा उनको पीने के पानी की किल्लत तथा दैनिक दिनचर्या से संबधित अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए पहले भी कर्मचारियों को अवगत करवाया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। यही नहीं कालोनी के लोगों ने एसडीओ से मिलकर समस्या का समाधान करने की बात कही, लेकिन अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।

#### जल्द होगा समस्या का समाधान : एसडीओ

बिजली निगम नगूरां के एसडीओ आन्नंद कुमार ने बताया कि नगूरां स्थित कालोनी के लोग सुबह बिजली समस्या को लेकर उनसे मिले थे। इसके लिए जेई को केबल आदि का प्रबंध करने के लिए बोल दिया है। शाम तक लोगों की समस्या का समाधान हो जाएगा। लोगों को बिजली समस्या से संबंधित किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी।

### खटकड़ टोल प्लाजा, उचाना में खाद व बीज दुकान पर की फायरिंग

# बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग कर फैलाई दहशत फैक्टरी मालिक से 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी

### गोलियां लगने से खाद बीज दुकान के टूटे शीशे, दुकानदार को भी धमकी

### *सिलसिरे वार बदमाशों ने दिया तीनों स्थानो पर घटनाओं को अंजाम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने बीती रात गांव खटकड़ के निकट पाइप फैक्टरी, टोल प्लाजा और उचाना मंडी में खाद-बीज की दुकान पर फायररिंग की। खाद व बीज दुकान के गोलियां लगने से शीशे भी टूट गए। बदमाशों ने दुकानदार को बाहर से धमकी भी दी। जब तक पुलिस सूचना पाकर मौके पर पहुंचती तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। बदमाशों ने फैक्ट्री मालिक से 50 लाख रुपये फिरौती की डिमांड भी की। एक जगह फायर करने वाले युवक सीसी टीवी में भी कैद हुए हैं। उचाना थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, दहशत फैलाने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बीती रात बिना नंबर प्लेट पर बाइक सवार दो बदमाश पहले खटकड़ टोल प्लाजा से कुछ पहले नरवाना रोड पर बनी पाइप फैक्टरी के अंदर गए। एक युवक बाहर खड़ा रहा जबकि दूसरा अंदर चला गया और अपने पास मौजूद असलहा से कार्यालय पर तीन फायर किए। बदमाश ने आवाज देकर कर्मचारियों को कहा कि अपने मालिक को बोल देना, 50 लाख का प्रबंध करे। उन्होंने एक गैंगस्टर का नाम भी लिया। उन्होंने सिक्योरटी गार्ड को कहा कि अपने मालिक को फिरौती के बारे में बता देना। जिसके बाद बदमाश टोल प्लाजा पर पहुंचे और टोल मैनेजर के बारे में पूछताछ करने लगे। दोनों बदमाशों ने सिर पर टोपी पहनी हुई थी और अपने चेहरे ढांपे हुए थे। जिसके बाद बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने अपने पास असलहा से तीन हवाई फायर किए और उचाना की तरफ फरार हो गए। जिसके बाद दोनों बदमाश उचाना मंडी में बालाजी बीज भंडार की दुकान के सामने पहुंचे।

बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने दुकान पर दो फायर किए। गोली दुकान के दरवाजे पर लगे शीशे पर जा लगी। जिससे शीशा टूट गया। जिसके बाद वह बदमाश नीचे उतरा ओर दुकानदार को बाहर से धमकी दी। घटना को अंजाम देकर दोनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। बदमाश टोल प्लाजा तथा खाद बीज विक्रेता की दुकान के बाहर लगे सीसी टीवी कैमरो में कैद हो गए। घटना की सूचना पाकर उचाना के डीएसपी संजय कुमार पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए और हालातों का जायजा लिया। पुलिस ने पूरे इलाके की नाकेबंदी कर बदमाशों की धरपकड़ के लिए तलाशी अभियान भी चलाया लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नही लगा। पुलिस ने मौके से एक खोल भी बरामद किया है।



जींद। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच करते हुए।





जींद। हाथ में असलहा लिए बदमाश व गोली लगने से टूटा शीशा।

#### पुलिस की टीम तलाश में जुटी

उचाना थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि शिकायतों के आधार पर अज्ञात बदमाशों खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बदमाश बिना नंबर बाइक पर थे और चेहरे ढके हुए थे। पुलिस की टीम बदमाशों की तलाश में जुटी है।

#### किसी के साथ रंजिश नहीं

खाद बीज विक्रेता सुरेंद्र गर्ग ने बताया कि वह देर शाम को दुकान पर बैठा अपना काम काज निपटा रहा था। उसी दौरान गोलियां लगने से दुकान का शीश टूटने की आवाज आई। जिसके बाद बाहर खड़े बदमाश ने धमकी दी और बाइक से फरार हो गए। दोनों बदमाशो ने अपने चेहरे ढांपे हुए थे। किसी के साथ उसकी रंजिश भी नही है।

# हनी ट्रैप में आठ लाख वसूली का फरार आरोपित दबोचा, भेजा जेल

- दुष्कर्म के मामले को रफा-दफा करवाने के नाम पर ऐंठने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआइए स्टाफ नरवाना ने व्यक्ति को हन्नी ट्रेप मे फांस कर आठ लाख रुपये की वसूली के मामले मे फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत मे जेल भेज दिया है। गांव कापडो निवासी एक महिला ने गत आठ मार्च को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गत जनवरी माह मे उचाना की एक महिला ने उसके बेटे के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया था। महिला मामले की रफा-दफा करने की एवज में आठ लाख रुपये की डिमांड कर रही है। जबकि वह एक लाख रुपये एडवांस ले चुकी है। जिसके आधार पर सीआईए की छापामार टीम का गठन किया गया। महिला ने रुपये लेकर आने के लिए उन्हें उचाना दुकान पर बुलाया। आठ लाख रुपये थमाते ही पुलिस ने दो महिलाओं को काबू कर लिया। जबकि उचाना निवासी संदीप फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने पकड़ी दोनों महिलाओं समेत तीनों के खिलाफ ब्लैकमेल कर राशि ऐंठने का मामला दर्ज किया था। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरार चल रहे संदीप को गिरफ्तार कर लिया। सीआइए नरवाना प्रभारी सुखदेव सिंह ने बताया कि आरोपित लगभग पौने तीन माह से भूमिगत था। सूचना के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# टीम ने मिठाई की दुकानों से लिए फिरनी के सैंपल

- सख्त हिदायत, दुकानदार घटिया या मिलावटी सामग्री का प्रयोग न करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. पवन चहल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर की विभिन्न मिठाई दुकानों पर फिरनी के सैंपल लिए। यह अभियान स्वच्छता व गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया। टीम ने दुकानदारों को सख्त हिदायत दी कि वे घटिया या मिलावटी सामग्री का प्रयोग न करें। डॉ. चहल ने बताया कि लिए गए सैंपल जांच के लिए लैब में भेजे गए हैं। यदि कोई सैंपल फेल होता है, तो दुकानदार के खिलाफ विभागीय व कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान विभाग का अन्य स्टाफ भी उनके साथ मौजूद था। दुकानदारों को साफ निर्देश दिए गए हैं कि त्योहारों के सीजन में ग्राहकों को स्वच्छ व गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री ही परोसी जाए, अन्यथा कठोर कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे। हलवाई एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण सैनी ने इस अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि एसो. हमेशा गुणवत्ता में पारदर्शिता के पक्ष में रही है और सभी हलवाइयों को अपने उत्पाद स्वच्छ वातावरण में तैयार करने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा लिए जा रहे सैंपल ईमानदारी की कसौटी हैं, जिससे असली और मिलावटी व्यापार में फर्क स्पष्ट होता है। यदि कोई दुकानदार मिलावट करता है, तो वह न केवल उपभोक्ताओं के साथ विश्वासघात करता है, बल्कि समूचे हलवाई वर्ग की छवि को भी धूमिल करता है। हम सभी हलवाई प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने को तैयार हैं ताकि लोगों तक सिर्फ गुणवत्तापूर्ण मिठाइयां ही पहुंचें। एसोसिएशन का उद्देश्य है कि हर ग्राहक को स्वाद के साथ-साथ सेहत भी मिले और त्योहारों की मिठास किसी भी मिलावट से फीकी न पड़े।



शहर में मिठाई दुकानों पर फिरनी के सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम।

### सीआरएसयू का पांच माह से था वीसी का पद खाली

# डॉ. रामपाल होंगे सीआरएसयू के एडिशनल वीसी

- 29 वर्ष से अधिक का शिक्षण एवं प्रशासनिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी को अपना एडिशनल वीसी मिला है। करनाल के डीएवी कॉलेज प्रिंसिपल डा. रामपाल सैनी विश्वविद्यालय का एडिशनल चार्ज संभालेंगे। उम्मीद थी कि यूनिवर्सिटी को स्थायी नया वीसी मिलेगा लेकिन सरकार ने काम चलाऊ व्यवस्था के तहत करनाल के डीएवी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. डा. रामपाल सैनी को सीआरएसयू वीसी का एडिशनल चार्ज दिया है। महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को नोटिफिकेशन जारी करते हुए करनाल के डीएवी कॉलेज के प्रिंसीपल प्रोफेसर डा. रामपाल सैनी को चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी का एडिशनल वीसी नियुक्त किया है। उन्होंने वर्तमान में यूनिवर्सिटी के वीसी का चार्ज संभाल रहे प्रो. सोमनाथ सचदेवा को रिलीव कर दिया है। अब एक प्रिंसिपल स्तर के अधिकारी को वीसी का चार्ज दिया गया है। गौरतलब है कि नवंबर 2024 तक विश्वविद्यालय के रेग्युलर वीसी डा. रणपाल सिंह थे। उनका कार्यकाल जून 2015 में पूरा होना था लेकिन उन्होंने निजी कारणों का हवाला देते हुए 30 नवंबर को अपना इस्तीफा दे दिया था। डा. रणपाल सिंह ने 10 जून 2022 को जींद में यूनिवर्सिटी के वीसी के तौर पर अपना पदभार संभाला था। उनसे पहले प्रोफेसर आरबी सोलंकी विश्वविद्यालय के वीसी थे। डा. रणपाल के इस्तीफा देने के बाद कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के वीसी प्रोण सोमनाथ सचदेवा को जींद सीआरएसयू का एडिशनल चार्ज दिया गया था। तब से लेकर अबतक यही उम्मीद जताई जा रही थी कि विश्वविद्यालय को अपना स्थायी वीसी मिलेगा। फिलहाल विश्वविद्यालय को अपने स्थायी वीसी का इंतजार ही है।



जींद। वीसी डा. आरपी सैनी का स्वागत करते विश्वविद्यालय स्टाफ।

# हांसी ब्रांच नहर में डूबा व्यक्ति, नहीं लगा सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोह पुल के निकट नहाते समय हांसी ब्रांच नहर में एक व्यक्ति डूब गया। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और गोताखोरों की सहायता से नहर में तलाशी अभियान चलाया लेकिन नहर में डूबे व्यक्ति का कोई सुराग नही लगा। विजय नगर निवासी मनजीत (28) बुधवार दोपहर को लोह पुल के निकट हांसी ब्रांच नहर मे नहाने चला गया था। नहर में पानी ज्यादा होने तथा बहाव तेज होने के कारण वह नहर में डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने डूब रहे मनजीत को बचाने की कोशिश भी की लेकिन वह गहराई में समा गया। सूचना पाकर मनजीत के परिजन तथा शहर थाना पुलिस, नायब तहसीलदार मौके पर पहुंच गए। गोताखोरों की सहायता से नहर में तलाशी अभियान चलाया। टीम ने लगभग तीन किलोमीटर तक नहर को खंगाला लेकिन मनजीत का कोई सुराग नही लगा। पुलिस नहर पर नजर बनाए हुए है। रोहतक रोड चौकी प्रभारी जसवीर ने बताया कि गोताखोरों की सहायता से तीन किलोमीटर तक नहर मे तलाशी अभियान चलाया है।

## खबर संक्षेप

### शराब क्षेत्र अलॉटमेंट के 31 मई को होंगे ई-टेंडर

**जींद।** उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (आबकारी) पुनित शर्मा ने बताया कि वर्ष 2025-27 के लिए शराब क्षेत्रों के लिए वर्ष 2025-27 के लिए शराब विस्त्रय क्षेत्रों का आवंटन ई-निविदाएं आमंत्रित करके किया जाएगा। आबकारी एवं कराधान आयुक्त हरियाणा ने इस संबंध में ई-निविदाएं प्राप्त करने की तिथि 30 मई 2025 प्रातः नौ बजे से 31 मई 2025 शाम चार बजे तक अधिसूचित की है।

### शिकायत केंद्र के शेड में घुसी कार, कर्मी घायल

**जींद।** देवीलाल चौक पर तेजरफ्तार कार बिजली निगम शिकायत केंद्र के शेड में जा घुसी। जिसमें एक बिजलीकर्मी घायल हो गया। जबकि दो बाल-बाल बच गए। शहर थाना पुलिस ने घायल कर्मी की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव घिमाना निवासी मंगत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बिजली निगम में अनुबंध आधार पर एएसएम लगा है।

### नाबालिगा से दुष्कर्म का मामला दर्ज

**जींद।** शहर थाना इलाके में सिटी रेलवे स्टेशन के निकट नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शहर थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म, चाइल्ड प्रोटेक्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना इलाके की महिला ने पुलिस को शिकायत दी है।

### झगड़े में 3 घायल, छह लोगों पर मामला दर्ज

**जींद।** गांव नचारखेड़ा में हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव नचारखेड़ा निवासी शकुंतला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा अशोक भैंसों का व्यापार करता है। गांव का दूसरा व्यापारी पवन उसके बेटे से रंजिश रखता है। गत दिवस उसका बेटा दुर्जनपुर से घर लौट रहा था। रास्ते में पवन तथा उसके परिजनों ने अशोक को अपने घर घसीट लिया और मारपीट शुरू कर दी।

### बाइकों की भिड़ंत में एक एक व्यक्ति घायल

**जींद।** गांव बडौदा पुल के निकट बाइकों की भिडंत में एक बाइक सवार घायल हो गया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार एक बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

गांव बडौदी निवासी सुल्तान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह उचाना से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। गांव बडौदा के निकट पुल पर दूसरे बाइक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

### मोतीलाल नेहरू में होगा ग्रीष्मकालीन शिविर

**जींद।** गर्मी की छुट्टी शुरू होने वाली है और इस दौरान बच्चों के बीच ग्रीष्मकालीन शिविर को लेकर खासी दिलचस्पी देखी जाती है। दरअसल ग्रीष्मकालीन शिविर में पढ़ाई-लिखाई के अलावा बच्चे अलग-अलग तरह की गतिविधियों में भाग लेते हैं तो कई नए स्किल सीखने का मौका भी मिलता है। इसी को ध्यान में रखते मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### 79वां सालाना इलाकाई दीवान जींद में होगा

जींद। बाबा बंदा सिंह बहादुर सिंह संप्रदाय भारत केंद्रीय समिति की बैठक जींद में संपन्न हुई। इसमें बाबा जी की अनुमति व केंद्रीय कार्यकारिणी की सहमति से बाबा बंदा सिंह बहादुर सिक्ख संप्रदाय (भारत) रजि. का 79वां सालाना इलाकाई दीवान जींद में 14 से 16 नवंबर को मनाना निश्चित हुआ है।

### बिजली निगम का खुला दरबार आज लगेगा

**सफीदों।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम सफीदों के कार्यकारी अभियंता हेमंत शर्मा ने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक की। बैठक में बिजली बिल ब्याज माफी योजना पर चर्चा की गई। बताया की वीरवार 29 मई को बुढ़ाखेड़ा, बिटानी व सिंघाना गांवों में बिजली बिल ब्याज माफी योजना के तहत खुला दरबार लगाया जाएगा।

## पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया

# इंडस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने कराटे प्रतियोगिता में लहराया परचम

### खिलाड़ियों ने बेहतररीन प्रदर्शन करते दो स्वर्ण पदक, एक रजत और दो कांस्य पदक जीते

### 35वीं राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चमकाया स्कूल का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

35वीं हरियाणा राज्य कराटे प्रतियोगिता में इंडस पब्लिक स्कूल जींद के खिलाड़ियों ने बेहतररीन प्रदर्शन करते दो स्वर्ण पदक, एक रजत पदक एवं दो कांस्य पदक जीते हैं। बुधवार को इंडस पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अरूणा शर्मा ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। प्राचार्या अरुणा शर्मा ने बताया कि स्कूल के छात्र भाग्य खर्ब ने 14-15 वर्ष आयुवर्ग में 57 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक, दक्षिता ने 11 वर्ष आयु वर्ग के 40 किलोग्राम में स्वर्ण पदक, देवांश ने 15 वर्ष आयु वर्ग के 45 किलोग्राम में रजत पदक, रेयांश बेरवाल ने 10 वर्ष आयु वर्ग के 25 किलोग्राम में कांस्य पदक और जीशान ने 16-7 वर्ष वर्ग के 62 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। यह प्रतियोगिता 24-25 मई को इंडस पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई थी। प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बताया किइंडस पब्लिक स्कूल के बच्चे हर क्षेत्र में निरंतर शानदान प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर अवसर पर इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस के निदेशक सुभाष श्योराण, इंडस पब्लिक स्कूल की निदेशक रचना श्योराण व उप प्राचार्य प्रवीण कुमार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



जींद। प्रतियोगिता में पदक विजेता बच्चों को सम्मानित करते प्राचार्या अरूणा शर्मा।



जींद। समर कैंप गतिविधियों में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में समर कैंप का आगाज

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में समर कैंप का शुभारंभ बड़े ही जोश और उल्लास के साथ किया गया। समर कैंप के पहले दिन बच्चों ने विभिन्न रोचक और रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। समर कैंप का शुभारंभ गायत्री मंत्र से किया गया। इस शिविर का आयोजन बच्चों में छिपी कलात्मकता को निखारने के लिए किया गया। दिन की शुरुआत ऊर्जावान एरोबिक्स से हुई। जिसमें बच्चों ने संगीत की धुन पर थिरकते हुए फिटनेस के महत्व को जाना। इसके बाद बच्चों ने डांस और योग में भाग लिया। जिससे उनके मन और शरीर दोनों को ताजगी मिली। बच्चों की रचनात्मकता को प्रकट करने के लिए पेंटिंग गतिविधि भी आयोजित की गई। जिसमें नन्हे कलाकारों ने अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से सुंदर चित्रों में ढाला। मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने बच्चों को समझाया कि हमें ऐसी गतिविधियों में भाग लेना चाहिए जो उनके व्यक्तित्व के विकास के लिए सहायक होती है।

# डीएलएसए करेगा जरूरतमंद बच्चों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम मोनिका ने बताया कि जिले में साथी अभियान के तहत असहाय और बेसहारा बच्चों की पहचान की जाएगी। नालसा के सहयोग से शुरू किए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चों को सहायता प्रदान करना है। सीजेएम मोनिका ने कहा कि इस अभियान के तहत डेहा बस्ती नजदीक जयंती देवी मंदिर में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस जागरूकता अभियान में अधिवक्ता देवराज मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के अंतर्गत बच्चों का आधार नामांकन, कानूनी सहायता और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोडऩे का कार्य किया जा रहा है। यह समिति विशेष रुप से ऐसे बच्चों की पहचान और सहायता के लिए काम करती है, जो तस्करी, बालश्रम या भिक्षावृत्ति से मुक्त कराए गए हो, अकेले हो या किसी कानूनी केस का सामना कर रहे और उनके पास कोई समर्थन प्रणाली न हो तथा संरक्षण की श्रेणी में आते हो। इस अभियान के तहत ऐसे बच्चों की पहचान करके उनके आधार कार्ड बनवाने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस दौरान उपस्थितजनों को बाल विवाह, हालसा व नालसा की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी प्रदान की गई।



जींद। पंपलेट वितरित कर जानकारी देते सहायता मित्र। फोटो :हरिभूमि



अलेवा। नगूरां गांव में सफाई अभियान चलाते सफाई कर्मचारी।

### नगूरां पंचायत ने चलाया सफाई अभियान

अलेवा। नगूरां पंचायत ने बुधवार को कस्बे के अंदर से जाने वाली सड़क पर सफाई अभियान चलाया। नगूरां गांव के सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ने बताया कि ग्रामीणों की मांग के मध्यनजर सफाई कर्मचारियों द्वारा दो-तीन दिनों से कस्बे की सड़क पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाए गए बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के अलावा स्वच्छ भारत मिशन को बढावा देने के लिए वह सभी ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं, क्योंकि सफाई सभी के लिए बेहद जरूरी है। इसके अलावा सरपंच प्रतिनिधि ने दुकानदारों से अपनी दुकानों के सामने साफ-सफाई रखने की अपील की है।

### केएम राजकीय कालेज में तीन नए विषय पढेंगे छात्र

नरवाना। केएम राजकीय कालेज नरवाना में स्नातक स्तर पर तीन नए विषयों के साथ साथ स्नातकोत्तर में छात्र अलग से दो विषयों की पढ़ाई करेंगे। 27 मई को सचिव उच्चत्तर शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला की ओर से जारी पत्र में शैक्षणिक स्तर 2025 .26 के लिए बीए में गृह विज्ञान व मनोविज्ञान विषय में 40.40 छात्रों की एक.एक यूनिट व बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन फिजिक्स 40 छात्र को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके साथ.साथ कालेज में पहली बार इतिहास विषय व हिंदी विषय में एम ए की पढ़ाई के लिए भी 40. 40 छात्रों की एक.एक यूनिट को मंजूरी प्रदान की है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने बताया कि कॉलेज में लगातार विभिन्न कोर्सों की संख्या बढ़ती जा रही है जिससे नरवाना क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। नए कोर्स आने से छात्रों के पास अब अधिक विकल्प होंगे।

# आईटीआई में दाखिले के लिए छह से २० जून तक आवेदन : नरेश कुमार

- जिलेभर की पच्चीस राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय आईटीआई के प्राचार्य नरेश कुमार ने कहा कि हरियाणा कौशल एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने आईटीआई में दाखिला प्रक्रिया का शेडयूल जारी किया है। इस शेड्यूल के अनुसार छह से 20 जून तक विद्यार्थी आईटीआई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेरिट लिस्ट, सीट अलॉटमेंट सहित अन्य शेड्यूल छह जून को पोर्टल पर जारी किया जाएगा। ऐसे में आईटीआई में प्रवेश के लिए छह जून से आवेदन प्रक्रिया शुरू होगी। प्राचार्य नरेश कुमार बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिलेभर की 25 राजकीय और निजी आईटीआई में विभिन्न ट्रेड में 5484 सीटें हैं। इनमें नौ राजकीय आईटीआई में 2928 और 16 निजी आईटीआई में 2556 सीटें शामिल हैं। दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के इच्छुक विद्यार्थियों को अपना आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी, परिवार पहचान पत्र होना जरूरी है। इसलिए जिन विद्यार्थियों के पास ये दस्तावेज नहीं है या अधूरे हैं तो इनको पूरा करवा लें। उन्होंने बताया कि आईटीआई में हैल्प डैस्क भी लगाए जाएंगे। जहां छात्र निशुल्क आवेदन करवा सकते हैं। विद्यार्थियों की सबसे पहली पसंद जींद की कैथल रोड स्थित राजकीय आईटीआई रहती है। यहां आवेदन के समय कई ट्रेड में 100 से ऊपर मेरिट लिस्ट रहती है। वहीं राजकीय आईटीआई में निर्धारित सीटों पर तीन से चार गुना आवेदन भी आते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के लिए आईटीआई में दाखिले को लेकर प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है।

# दो विभागों की लापरवाही आढ़तियों पर पड़ रही भारी

### जुलाना अनाजमंडी की चार दिन से बिजली बाधित, दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना नई अनाज मंडी में लगातार चार दिन से बिजली आपूर्ति ठप पड़ी हुई है। मगर अधिकारियों के कानों पर जू तक नही रेंग रही। शनिवार रात को बाधित हुई बिजली सप्लाई बुधवार तक भी सुचारू नही हो सकी। लगातार 96 घंटे बिजली आपूर्ति ठप्प रहने से दुकानदारों का धैर्य भी जवाब देने लगा। शनिवार रात्रि को बाधित हुई बिजली सप्लाई के बाद रविवार को तो किसी भी सरकारी कर्मचारी ने नई मंडी में जाने की जहमत नही उठाई। इसके बाद सोमवार को बिजली विभाग व मार्किट कमेटी दोनों एक दूसरे पर इसकी जिम्मेदारी डालते रहे। किसी ने भी यह नही सोचा कि आखिर आढतियों के साथ क्या बनेगी। मार्केट कमेटी और बिजली निगम की खींचतान देख कर इसके बाद मंडी के आढ़ती सोमवार को उपमण्डल कार्यलय में समाधान शिविर के अंदर एसडीएम होशियार सिंह से मिले ओर उनको अपनी सारी व्यथा बताई। उन्होंने कहा कि वो इस समस्या को लेकर दोनों विभागों के अधिकारियों से बात करेंगे। भरी गर्मी में इस कद्र विभागीय लापरवाही से परेशान आढ़ती बेबस व असहाय नजर आए। आढ़तियों की मांग है कि जल्द से जल्द बिजली सप्लाई को ठीक किया जाए ताकि उन्हें हो रही परेशानी से निजात मिल सके।

जुलाना बिजली निगम एसडीओ अशोक कुमार ने बताया कि नई अनाजमंडी में बिजली के पोल लगा दिए गए हैं। वायरिंग का काम किया जा रहा है जल्द ही लाइन को चालू कर दिया जाएगा।



जुलाना। नई अनाजमंडी में पड़े बिजली के पोल। फोटो :हरिभूमि




जींद। होटल के निकट धरना देते कालोनीवासी। फोटो :हरिभूमि

### अश्लीलता फैलाने का आरोप

जींद। नरवाना रोड स्थित निजी होटल में चल रहे अनैतिक कार्यों को रूकवाने के लिए कालोनीवासियों ने आंदोलन को तेज कर दिया है। होटल में इन कार्यों को रूकवाने के लिए लगातार कालोनीवासियों धरना दिया जा रहा है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नही हुई है। मामला ग्रेरवेंसिस तक भी पहुंचा और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने सख्त कार्रवाई की बात कही। फिलहाल कार्रवाई न होने पर महिलाओं ने धरने की कमान संभालने का निर्णय लिया है। नरवाना रोड स्थित सुंदर नगर के लोगों का कहना है कि उनकी कालोनी में होटल में कमरा किराया पर देकर स्कूल,कालेज, आइटीआई समेत दूसरे शिक्षण संस्थानों के लड़के व लड़कियां आते हैं और गलत काम करते हैं। सरेआम अश्लीलता के कारण कालोनी के लोगों को शर्मशार होना पड़ रहा है।

# डीएवी स्कूल ने जीते नौ पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने कराटे प्रतियोगिता में अपना हुनर दिखाया। डीएवी प्राचार्या रश्मि विद्यार्थी ने कराटे प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि कराटे प्रतियोगिता में डीएवी के नौ बच्चों ने पदक प्राप्त किए। यह 35वीं हरियाणा स्टेट कराटे एसोसिएशन प्रतियोगिता 24 मई से 25 मई तक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में लगभग 600 बच्चों ने भाग लिया। डीएवी के खिलाडियों में सानवी ने स्वर्ण पदक, आशीष, काश्वी व दीया ने रजत पदक, तोशिका, इशांत, भव्य, वंश व रिद्धि ने कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कराटे खेल के लाभ बताते हुए उन्होंने बताया कि कराटे में भाग लेने से छात्रों को शारीरिक और मानसिक दोनों स्तर पर कई लाभ मिलते हैं। यह एकाग्रता, आत्मविश्वास, संतुलन, समन्वय, अनुशासन और सामाजिक कौशल विकसित करने में मदद करता है। साथ ही शारीरिक ताकत, लचीलापन और सहनशक्ति भी बढ़ाता है। यह आत्मरक्षा में भी मदद करता है और आत्मविश्वास बढ़ता है। कराटे प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यार्थी ने सम्मानित किया तथा उनका उत्साहवर्धन भी किया।



जींद। पदक जीतने वाले डीएवी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि



जींद। जल घर का निरीक्षण करते रणधीर मताना। फोटो :हरिभूमि

### लोगों को जल का महत्व बताया

**जींद।** स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए क्लोरिनेशन जरूरी है ताकि पेयजल की अशुद्धता से बचा जा सके। यह बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बुधवार को दनौदाखुर्द के जलघर का निरीक्षण करने के दौरान कर्मचारियों से बातचीत करते कही। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति के साथ क्लोरिनेशन बहुत जरूरी है। उन्होंने कर्मचारियों से क्लोरिनेशन के बारे में बातचीत की। कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि पेयजल आपूर्ति के साथ क्लोरीनेशन के बारे में उन्हें पूरी जानकारी है। वे पेयजल आपूर्ति के दौरान इसको चैक भी करते हैं और ग्रामीणों को बताते हैं। जिससे उनका विभाग पर विश्वास बढ़ा है। जलघर की विजिट के बाद जिला सलाहकार ने गांव में ग्रुप मीटिंग आयोजित की व लोगों को जल के महत्व के बारे में बताया।

**कार्यक्रम** बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूकता बैठक का आयोजन

# बेटियां ईश्वर का सबसे सुंदर उपहार, मत करो कभी भी बेटियों के साथ दुर्व्यवहार : मीना रानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराय के अंतर्गत सिरसाखेड़ी गांव में स्वास्थ्य सुपरवाइजर मीना रानी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर एक जागरूकता मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें लिंग अनुपात सुधारने बारे, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर जागरूक किया और पीएनडीटी एक्ट की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। महिला स्वास्थ्य सुपरवाइजर मीना रानी ने जागरूक करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या एक जघन्य अपराध है। ऐसा कभी नही करना चाहिए। कन्या भ्रूण हत्या करना व करवाना कानूनी जुर्म है। जिसमें दोषी पाए जाने पर सजा व जुर्माने का प्रावधान है। एमपीएचडब्ल्यू सुमन व बजरंग ने जागरूक करते हुए कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में अव्वल हैं। बेटी मां बनकर सृष्टि की रचना करने जैसा पवित्र काम करती है। यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम समाज में लड़कियों और लड़कों की परवरिश बिना किसी भेदभाव के करें। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान से पहले की अपेक्षा लोगों में काफी जागरूकता आई है और लोगों की विचारधारा में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि अगर लिंग अनुपात कम हुआ तो एक दिन धरती पर मानव समाज का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि बेटियों की कमी के कारण समाज में अनेक अपराध बढ़ रहे हैं। पीएनडीटी एक्ट की जानकारी देते हुए कहा कि गर्भधारण पूर्व लिंग चयन एवं प्रसव पूर्व लिंग जांच करना और करवाना एक दंडनीय अपराध है। अगर कोई ऐसा करने पर दोषी पाया जाता है तो सजा और जुर्माना का प्रावधान है। इस दौरान आशा वर्कर सीमाए अनिताए सुनीता आदि मौजूद रहे।



जींद। कार्यक्रम में शपथ लेते हुए। फोटो :हरिभूमि



मीटिंग को संबोधित करती सुनैना चौटाला। फोटो :हरिभूमि

### चार जून तक सूची तैयार करने के निर्देश

**जींद।** इनेलो महिला जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला पार्टी कार्यालय जींद में आयोजित की गई। इसमें मुख्य वक्ता के तौर महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला रही। विशेष अतिथि के तौर पर महिला प्रदेशाध्यक्ष तनुजा कश्यप रही। बैठक का उद्देश्य महिला संगठन को मजबूती प्रदान करने बारे था। सुनैना चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश में इंडियन नैशनल लोकदल पार्टी का संगठन सबसे मजबूत है। अब संगठन को नए सिरे से खड़ा किया जा रहा है। महिला संगठन के लिए उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से विचार लिए और शीघ्र ही जिला जींद का महिला संगठन खड़ा करने की बात कही। जिसके लिए हलकाध्यक्षों पार्टी के वरिष्ठ साथियों की जिम्मेवारी लगाई गई कि वे चार जून तक संगठन में शामिल की जाने वाली महिलाओं की सूची तैयार करके दें। जिसको पार्टी हाईकमान से मंजूरी के लिए भेजकर संगठन की जल्द घोषणा की जा सके।

## खबर संक्षेप

### योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण का शेड्यूल किया जारी

**कैथल।** जिला प्रशासन कैथल एवं आयुष विभाग कैथल के संयुक्त तत्वाधान में 26 मई से चल रहे शारीरिक प्रवक्ता एवं शारीरिक शिक्षा अध्यापकों के लिए योग शिविर का बुधवार को समापन हो गया। इसमें प्रथम चरण में 26 व 28 मई को जिले के सभी पीटीआई एवं डीपीआई को योग दिवस प्रोटोकॉल की टेनिंग दी गई। इस अवसर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने कहा कि योग से जीवन की कायापलट सकती है। जीवन की प्रगति एवं स्वयं की मति को अच्छा बनाने के लिए योग जरूरी है।

### रा. बहुतकनीकी शेरगढ़ में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**कैथल।** शेरगढ़ स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए 5 ट्रेडों में 300 सीटों के लिए आवेदन स्वीकार कर रहा है, जिसकी आवेदन प्रक्रिया 27 मई से शुरू हो गई है। 10वीं और 12वीं पास छात्र क्रमशः तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम और दो वर्षीय (लेटरल एंट्री) पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। सभी ट्रेडों 60-60 सीटें हैं। सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए पंजीकरण शुल्क 1000 और एससी/बीसी छात्रों के लिए 700 है। प्रवेश के बाद प्रति सेमेस्टर शुल्क 2850 है, साथ ही अतिरिक्त 1500 सुरक्षा जमा राशि है जो वापसी योग्य है।

### विद्यार्थियों को बैंकिंग संबंधी जानकारी दी

**राजौंद।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनैशनल स्कूल में एचडीएफसी बैंक शाखा राजौंद द्वारा बैंकिंग और धन प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय छात्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व शाखा प्रबंधक राहुल राणा ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को आधुनिक बैंकिंग प्रणाली, डिजिटल लेन-देन, बचत के उपाय, निवेश की रणनीतियाँ और साइबर सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। राणा ने बताया कि बदलते समय के साथ आम नागरिकों का बैंकिंग से जुड़ाव बढ़ा है, लेकिन सही जानकारी की कमी के कारण कई बार लोग ठगी का शिकार भी हो जाते हैं।

### दो से बाल भवन में चलेंगी अभिरुचि कक्षाएं

**कैथल।** जिला बाल कल्याण अधिकारी बलबीर सिंह चौहान ने बताया कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के निदेर्शानुसार एवं डीसी प्रीति के मार्गदर्शन में जिला बाल कल्याण परिषद् कैथल उन्नति के पथ पर है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो जून से 30 जून तक बाल भवन कैथल के प्रांगण में बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए अभिरुचि कक्षाएं चलाई जाएंगी।

### राजीव गांधी स्टेडियम में सुविधाओं का विस्तार

**पूंडरी।** राजीव गांधी स्टेडियम गांव फतेहपुर में खेल प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों के लिए एक सुखद समाचार है। सरपंच सोहनलाल वर्मा ने घोषणा की है कि स्टेडियम में जल आपूर्ति की समस्या को दूर करते हुए पानी के बोर को ठीक करवा दिया गया है। इस पहल के तहत विधायक सतपाल जांबा के सहयोग से स्टेडियम में शौचालय और पीने के पानी की सुविधाओं का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। सरपंच वर्मा ने कहा हमारा उद्देश्य है कि राजीव गांधी स्टेडियम को एक आदर्श खेल परिसर के रूप में विकसित किया जाए।

## पिछले काफी लंबे समय से पेयजल व्यवस्था बिगड़ी

# कलायत वासी काला व बदबूदार पानी पीने के लिए हो रहे मजबूर

### प्रशासन से जल आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार की मांग उठाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत**


कलायत शहर के विभिन्न वार्डों में जन स्वास्थ्य विभाग की शुद्ध पेयजल सप्लाई के दावों के बीच लोग काला एवं बदबूदार पानी गटकने को विवश हैं। दूषित पेयजल सप्लाई से पेजयल समस्या गंभीर होती जा रही है। साथ ही इन हालातों में बीमारी से लोग बेहाल हो रहे हैं। इस पेयजल संकट के मद्देनजर बुधवार को पार्षदों का प्रतिनिधि मंडल जन स्वास्थ्य विभाग अभियंत्रिकी विभाग कार्यालय में पहुंचा। उन्होंने विभाग के एसडीओ, कनिष्ठ अभियंता, बीआरसी व अन्य अधिकारियों को कार्यालय के माध्यम से अवगत करवाया। वार्ड एक पार्षद कुमारी रेणू धानियां, आशीष राणा, कुलदीप दहिया, सचिन राणा, प्रीत जगदेवा, प्रदीप राणा, महीपाल पंवार, संजय सिंगला, विनोद जेष्ठ, रवींद्र निर्मल बंटी और दूसरे पार्षदों ने कहा कि सरकार द्वारा घर-घर स्वच्छ जल पहुंचाने के आदेश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके तहत मजबूत व्यवस्था विभाग द्वारा कायम रखनी चाहिए। लेकिन पिछले काफी समय से पेयजल व्यवस्था बिगड़ी है। पार्षदों ने जल आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में पानी की खपत बढ़ जाती है। विभाग की तरफ से ठोस कदमों की जरूरत है। शहर के लोगों का कहना है कि पेयजल संकट से हर कोई दिक्कतों से जूझ रहा है। उन्होंने जन प्रतिनिधियों और प्रशासन से जल आपूर्ति की गुणवत्ता में सुधार की मांग की है।




नलों में आ रही दूषित पेयजल सप्लाई व कलायत में जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी विभाग में पेयजल समस्या निवारण की समस्या को लेकर पहुंचे नगर पालिका पार्षद।

### शहर में स्वच्छ जल की सप्लाई के लिए बिछेगी सत्रह किलोमीटर लंबी पाइप लाइनः एसडीओ

*जन स्वास्थ्य अभियंत्रिकी उप मंडल एसडीओ नरेश कुमार ने बताया कि शहर में सुचारू रूप से शुद्ध पेयजल सप्लाई के लिए महत्वपूर्ण योजना को जल्द बोर्ड की बैठक में मंजूरी मिलेगी। उपरांत शहर में करीब 17 किलोमीटर लंबी पेयजल पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू होगा। पुरानी लाइनों के कारण पैदा होने वाली पेयजल रिसाव समस्या नहीं रहेगी। वर्तमान में स्वच्छ पेयजल सप्लाई के लिए विभाग की टीम सक्रिय है। टीम उस व्यवस्था को दुरुस्त करने में लगी है जिससे दूषित जल की सप्लाई घरों में पहुंचती है।*




कलायत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में अधिकारियों के साथ विद्यार्थी

# पचास युवाओं को मिले नौकरी के ऑफर लैटर

**हरिभूमि न्यूज. कलायत**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कलायत निरंतर विद्यार्थियों को अपने पांव पर खड़ा होने के बेहतर अवसर प्रदान कर रही है। इसमें प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह और आईटीआइ के शीर्ष अधिकारियों की कुशल भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस कड़ी में बुधवार को स्वराज इंजन लिमिटेड मोहाली, ट्राईफेज टेक्नोलॉजी लिमिटेड मोहाली और फ्यूचर क्वाडरेंट बनुर (पंजाब) द्वारा अप्रेंटिसशिप-प्लेसमेंट के लिए एक विशाल जॉब मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनियों से आए प्रतिनिधि संजीव कुमार और ब्रिजपाल राणा ने विद्यार्थियों के साक्षात्कार की प्रक्रिया को पूरा किया। संस्थान प्रधानाचार्य भूपेंद्र पाल सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट के लिए संस्थान में लगातार जॉब मेलों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि हरियाणा प्रदेश और अन्य राज्यों की प्रतिष्ठित कंपनियां संस्थान में निःशुल्क जॉब मेलों का आयोजन करती रही हैं। इससे न केवल उनके अपने संस्थान बल्कि जिले और प्रदेश के अन्य विद्यार्थियों को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हुए है।

### विद्यार्थियों ने किया योग प्रशिक्षण



राजौंद। खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप के आदेश अनुसार बुधवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता सोहन पाल ने बताया की आयुष विभाग द्वारा ब्लॉक राजौंद के सभी शिक्षा प्रवक्ता, डीपी,पीटीआई एवं शारीरिक शिक्षा सहायकों को प्रशिक्षण दिया। जिसमें ब्लॉक के सभी शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता डीपी पीटी एवं शारीरिक शिक्षा सहायकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस दौरान आयुष डिपार्टमेंट के नोडल अधिकारी डॉक्टर रमेश माथुर,आयुष विभाग के योग सहायक एवं स्कूल प्रिंसिपल अजय मलिक सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# छात्राओं को स्वच्छता बनाए रखने के लिए उपयोगी जानकारी दी

■ गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल करोड़ा में भारत विकास परिषद द्वारा बाल संस्कार शिविर आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी**

भारत विकास परिषद फतेहपुर पूंडरी शाखा द्वारा बुधवार प्रातः 9 बजे गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल करोड़ा में बाल संस्कार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर दो चरणों में संपन्न हुआ, जिसमें छात्राओं को आत्म-संरक्षण, स्वच्छता और आत्म-प्रेरणा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। शिविर के पहले चरण में कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं को डॉ. मनीषा मंगल ने अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श की पहचान करने के विषय में जागरूक किया वहीं डॉ. वनिता डलवानी ने छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लिए उपयोगी जानकारी दी। महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने प्रेरणादायक कहानियां सुनाकर बच्चियों में आत्मबल और आत्मविश्वास बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने उन्हें दैनिक जीवन में काम आने वाली बातों से भी अवगत कराया। दूसरे चरण में कक्षा 9 से 12 तक की छात्राओं को डॉक्टर मनीषा और डॉ. वनिता ने पर्सनल हाइजीन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। सत्र के अंत में छात्राओं के व्यक्तिगत सवालों का समाधान भी डॉक्टरों द्वारा किया गया और आवश्यकतानुसार उन्हें चिकित्सकीय सुझाव भी दिए गए। निधि मोहन ने छात्राओं से कविताएं व कहानियां भी सुनीं और मंच पर बोलने के लिए उन्हें प्रेरित किया, जिससे उनके आत्म-विश्वास में वृद्धि हुई। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ ने सक्रिय सहयोग किया। शिविर के समापन पर स्टाफ सदस्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष परवीन मित्तल, महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन, डॉ. मनीषा मंगल, डॉ. वनिता डलवानी एवं नवीन टाया विशेष रूप से उपस्थित रहे।



■ शिविर के पहले चरण में कक्षा 6 से 8 तक की छात्राओं को डॉ. मनीषा मंगल ने अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श की पहचान करने के विषय में जागरूक किया

# सत्य भारती स्कूल करोड़ा में महिला सशक्तिकरण अभियान का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद**

सत्य भारती स्कूल करोड़ा में महिला सशक्तिकरण अभियान आयोजित किया। इसमें माता-पिता, सामुदायिक सदस्यों और स्थानीय हितधारकों को बेटियों की शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक साथ लाया गया। इस अभियान में ग्राम पंचायत सरपंच, एसएमसी सदस्य,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ,डाकघर और प्रधानाध्यापिका सुमन देवी, अनीता देवी, गीता देवी, सुषमा, पूनम रानी और रमेश कुमार सहित विद्यालय के स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी की। अभियान के दौरान,राज्य व केंद्र सरकार द्वारा बेटी के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस पहल का उद्देश्य इन योजनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाना और समुदाय में लड़कियों और महिलाओं को सशक्त बनाना है।अभियान ने बेटियों की शिक्षा के महत्व पर जोर दिया व महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में सामुदायिक सदस्यों की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।



कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य।

# सुरजीत पबनावा हलका प्रधान नियुक्त किए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी**

इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने आज पूंडरी हलके की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के उद्देश्य से घोषित इस कार्यकारिणी में अनुभवी और युवा नेताओं का संतुलन रखा गया है। घोषणा के दौरान रामपाल माजरा ने कहा कि इनेलो का उद्देश्य हरियाणा की जनता की आवाज को मजबूती से उठाना है और संगठन को गांव-गांव तक सक्रिय बनाना है। उन्होंने कहा कि हलका कार्यकारिणी के यह सदस्य बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करेंगे और जनता से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। कार्यकारिणी में सुरजीत पबनावा को एक बार फिर से हलका प्रधान नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष जवाहर मल, मेघा गुर्जर, सुशील कुमार, सुलतान सिंह, रणधीर हजवाना को बनाया गया। इसके अलावा प्रमुख महासचिव रजिंद्र रमाना, महासचिव सोनू गुर्जर, सरदार मेहरबान, लाल सिंह व कुलदीप को, सचिव उदय आंहु, जगदीा, सुशील कुमार, विक्रम, सुभाष को, कोषाध्यक्ष कर्मचंद, प्रचास सचिव, मोहित राणा व सदस्य रोशनलाल, भीम पबनावा, जसबीर जस्सी, धर्मबीर, सिकंदर व जयप्रकाश को नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में जाट, गुर्जर, सैनी, राजपूत, रोड़ और अन्य वर्गों से ताल्लुक रखने वाले समाज के प्रतिनिधियों को शामिल किया गया है, जिससे संगठन में सामाजिक समरसता की भावना भी परिलक्षित होती है। रामपाल माजरा ने सभी नवगठित सदस्यों से अपील की कि वे पार्टी की नीतियों को आमजन तक पहुंचाएं।



**पूंडरी।** इनैलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा के साथ हलका कार्यकारिणी के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो :हरिभूमि

# आमजन को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

सड़क सुरक्षा एक गंभीर मुद्दा है। कैथल पुलिस द्वारा एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार आमजन को सड़क सुरक्षा के मध्यनजर ट्रैफिक नियमों की पालना करने के अतिरिक्त नियमों की अवहेलना करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार को ट्रैफिक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नरेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस द्वारा 8 इम्पाउंड व्हीकल सहित कुल 167 वाहनों के चालान किए गए। जिनमें मुख्य रूप से गलत दिशा में ड्राईविंग के 28, ट्रिपल राइडिंग के 7, वाहन पर बिना नंबर प्लेट के 11, लाइन चेंज के 9, बिना हेलमेट के 28, स्कुल बस के 6, मोबाइल युज के 5 तथा अंडर एज के 3 चालान किए गए है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि आमजन वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही बरतते है जिस लापरवाही की वजह से हम खुद को दूसरों को और अपने परिवार के साथ धोखा करते है जिससे कि जान माल का नुकसान भी होता है।



**कैथल।** चालान काटने व ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे जागरूकता।

■ सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए करे ट्रैफिक नियमों की पालना : आस्था मोदी

# युवाओं को खेलों का अभ्यास करवा रहे पुलिस कर्मचारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल**

कैथल पुलिस द्वारा नशा मुक्त कैथल अभियान के तहत जहां आमजन को लगातार नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। वहीं पर खेल प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किए गए स्पेशल पुलिस ऑफिसर प्रतिदिन स्कूल ग्राउंड, स्टेडियम, पार्क व एकेडमी, पार्क वगैरा में युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करके सुबह-शाम खेलों/योग/व्यायाम का अभ्यास करा रहे है। तथा खेलों की तरफ युवाओं को आकर्षित करके नशा ना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। बता दें कि एसपी आस्था मोदी द्वारा जिला कैथल में 25 स्पेशल पुलिस ऑफिसर को खेल प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। जो युवाओं को खेलों की तरफ आकर्षित करेंगे। जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे है और गांव के युवा भी खेलों में बढ़-चढ़ कर अपनी भागीदारी निभा रहे है। एसपी आस्था मोदी ने कहा है कि खेल युवाओं को नशे की लत से दुर रखने के लिए एक सशक्त माध्यम है।



युवाओं को खेलों का अभ्यास करवाते पुलिस कर्मचारी।

# बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाना स्कूल संचालकों का दायित्व : मीना शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद**

हरियाणा राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा ने बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजौंद का निरीक्षण किया। वहां पर खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर कश्यप द्वारा उनका जोरदार व्स्वागत किया गया। इसके उपरांत वह अपनी टीम के साथ किठाना के प्राइवेट स्कूलों का दौरा किया। वहां पर उन्होने बच्चों के अधिकारों को संरक्षित करने के लिए व उनकी सुरक्षा को बढाने के लिए सुरक्षित वाहन पालिसी अपनाने के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाना स्कूल संचालकों का दायित्व है। कई बार देखने में स्कूलों की बस जर्जर या चालक-परिचालक पूरी तरह से प्रशिक्षित नजर नहीं आते जो सही नहीं है। उन्होंने स्कूल मुखियाओं को आदेश दिए कि वे अपनी स्कूली वाहनों को पूरी तरह से सही रखें तथा अनुभवी चालक-परिचालकों को ही रखें।



हरियाणा राज्य बाल अधिकार सरंक्षण आयोग की सदस्य मीना शर्मा का स्वागत करते बीइओ बलबीर कश्यप

## राजकीय स्कूल बीर बांगडा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

# पदक विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगडा में प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बोर्ड कक्षा में मेरिट आने विद्यार्थियों को नवनियुक्त एसएमसी कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। कक्षा 12 वीं में आठ विद्यार्थी तथा कक्षा 10 में 6 विद्यार्थियों ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। दोनों बोर्ड कक्षाओं में मैरिट आने वाले छात्र-छात्राओं में विद्यालय में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्ण ,रजत एवं कांस्य पदक के द्वारा सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त सभी छात्र-छात्राएं जिन्होंने मैरिट में स्थान प्राप्त किया उन सभी को एक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान विद्यालय में एसएमसी कमेटी ने विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं का मिठाई बांटकर मुंह मीठा करवाया। पूर्व मुख्यध्यापक रणवीर सिंह पूर्व अध्यापक राजवीर सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित किया ताकि आगे आने वाले परिणाम में वह भी अपना नाम रोशन कर सकें। इस दौरान एसएमसी कमेटी के प्रधान मोहनलाल ने सभी छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वह सभी विद्यालय के समस्त क्रियाकलापों में भाग लेने एवं अपना,अपने विद्यालय तथा गांव का नाम रोशन कर सके। प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने सभी आगंतुक महानुभाव का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य।

## खबर संक्षेप

### डीडीए के चेयरमैन बने उझाना के पवन शर्मा



**नरवाना।** दिल्ली उत्तम नगर से विधायक पवन शर्मा उर्फ गुरु जी को डीडीए का चेयरमैन बनाया है। मूल रूप से नरवाना के उझाना गांव के रहने वाले गुरुजी का परिवार नरवाना में रहता है। यह नरवाना के लिए विशेष तोहफा है तथा दिल्ली के विकास से नरवाना का नाम जुड़ेगा। प्रमोद शर्मा, कृष्ण शर्मा व अन्य ने उन्हें बधाई दी।

### तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**सफीदों।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों में तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का बुधवार को समापन हो गया। नोडल अधिकारी डा. संदीप कुमार ने किया। इस शिविर में योग शिक्षकों ने स्कूलों के पीटीआई व डीईपी को योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया गया। अपने संबोधन में नोडल अधिकारी डा. संदीप कुमार ने योग शिक्षकों ने स्कूलों के पीटीआई (शारीरिक शिक्षक) और डीईपी (शारीरिक शिक्षा शिक्षक) को योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया है।

### एक जून को होगा जाट स्कूल संस्था का चुनाव

**कैथल।** एक जून को होने वाले जाट हाई स्कूल सोसायटी की कार्यकारिणी चुनाव को लेकर माहौल गरमा गया है। चुनाव में एक तरफ रणदीप सुरजेवाला व रामपाल माजरा गुट है तो दूसरी तरफ दूसरा खेमा। सुरजेवाला व माजरा पैनल में प्रधान के राजकुमार बैनीवाल, उपप्रधान के बलजिंद्र भनवाला, सचिव के एडवोकेट रश्मि ढुल, कोषाध्यक्ष के बलकार नैन चुनाव प्रचार में जुट गए हैं। दूसरे खेमा भी हाई प्रोफाइल पैनल के उम्मीदवारों को मात देने के लिए तैयारियों में जुट गए हैं। मतदान का दिन नजदीक आने के साथ प्रचार जोर पकड़ रहा है।

### 12 जून तक 135 गांवों में चलेगा संकल्प अभियान

**कैथल।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ.बाबू लाल ने बताया कि केन्द्र और प्रदेश सरकार मिलकर 29 मई से 12 जून तक कैथल जिले के 135 गांवों में विकसित संकल्प अभियान चलाएगी। इस अभियान का मकसद किसानों को खेती से जुड़ी नई जानकारी, तकनीक और सरकारी योजनाओं से अवगत करवाना है। खरीफ सीजन की पैकेज व प्रैक्टिस के बारे में भी किसानों को बताया जाएगा। इससे किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवनी, पशु पालन, डेयरी और मत्स्य पालन विभाग के अधिकारी गांवों में जाकर किसानों से सीधा संवाद करेंगे वे खेती, बागवानी, पशु पालन, डेयरी और मत्स्य पालन से जुटी योजनाओं की जानकारी देंगे।

## बुआना गांव में हुआ प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम

# गांव का पेयजल सिस्टम 3 करोड़ से होगा सुदृढ़

- बुआना सरकारी स्कूल में जल्द स्थापित होगा सोलर पैनल।
- गांव की प्रत्येक समस्या को सुना गंभीरता से लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद





**जींद।** बुआना में रात्रि ठहराव के दौरान शिकायतें सुनते हुए डीसी व डीसी के समक्ष शिकायतें रखते हुए महिलाएं।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत गांव में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करना सरकार की अनूठी पहल है। जिला प्रशासन का मुख्य ध्येय है कि आमजन को कोई परेशानी नहीं हो और उनकी समस्या का निवारण उनके घर द्वार पर ही हो। रात्रि ठहराव के दौरान मौके पर समस्या निवारण के साथ-साथ आमजन से विकासात्मक कार्यों के बारे में ही चर्चा की जाती है। जो मांगे नीतिगत है उन्हें सरकार को भिजवाने का कार्य किया जाएगा। डीसी मोहम्मद इमरान रजा गांव बुआना में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। ग्रामीणों द्वारा डीसी के समक्ष बिजली कनैक्शन दिलवाने की गुहार लगाई। जिस पर डीसी ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अगले सप्ताह गांव में एक विशेष शिविर लगाए और जितनी भी बिजली से संबंधित समस्याएं हैं उन्हें दूर करें। ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति की भी समस्या रखी। जिस पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि इस गांव में पेयजल आपूर्ति को और सुदृढ़ किया जाएगा। जिसका लगभग तीन करोड़ रुपये का अस्टिमेट सरकार को भेजा दिया गया है। जल्द ही इस दिशा में कार्य किया जाएगा। जिससे इस समस्या से निजात मिल सकेगी। डीसी ने नहरी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव के आसपास जितनी भी ड्रेन हैं, उनकी जल्द से जल्द सफाई करवाई जाए ताकि बरसाती मौसम में जलभराव की कोई समस्या न आए। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा रखी गई अन्य समस्याओं में से अधिकतर का मौके पर निवारण हेतू अधिकारियों को निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत द्वारा स्कूल में सेलर पैनल लगाने की मांग की गई। जिस पर डीसी ने कहा कि जल्द ही एक सोलर पैनल स्कूल में स्थापित करवा दिया जाएगा। दो आंगनवाड़ी बनाने की मांग पर डीसी ने कहा कि पंचायत जगह मुहैया करवा दे तो गांव में आंगनवाड़ी केंद्र भी बना दिए जाएंगे। गांव में तालाब पर अमृत सरोवर योजना के तहत कार्य चल रहा है, उसी तालाब के नजदीक पंचायती जमीन पर पार्क बनाने की मांग ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई। जिस पर डीसी ने कहा कि इस जगह पर पार्क बनाई जाएगी। बाकी मांगों पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने कहा कि जो भी मांगें तय मापदंड पूरा करेंगी उन्हें जरूर पूरा करवा दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में व्याप्त सामाजिक बुराइयों, नशावृति जैसी चीजों को पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर सामाजिक लोग खत्म कर सकते है। नशे की बुराई को हम सब ने मिलकर दूर करना है। अगर कहीं पर नशा तस्करी जैसी सूचना ग्रामीणों को मिलती है तो उसे तुरंत प्रशासन के साथ सांझा करें। उसकी मानस पोर्टल या टोल फ्री नंबर 1933, 112 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। नशे से केवल व्यक्ति ही नहीं बल्कि उसके परिवार की जिंदगी भी खत्म हो जाती है। इसलिए युवाओं को नशे की बुराइयों से दूर रखें। रात्रि ठहराव कार्यक्रम से पहले डीसी ने आंगनवाड़ी केन्द्र का दौरा करके निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी में साफ -सफाई का विशेष ध्यान रखे। डीसी ने स्कूल प्रांगण के सामने स्थापित डा. भीमराव अंबेडकर, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह तथा महाराजा सूरजमल की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला परिषद सीईओ अनिल कुमार, एसडीएम जुलाना होशियार सिंह, नगराधीश डा. आशीष देशवाल, आरटीए गिरीश कुमार, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, गांव की सरपंच मूर्ति देवी, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान सुधीर बुआना सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।



डीसी प्रीति गांव बाकल में प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए

## गांव बाकल में खुलेंगा बैंक, सीएससी सेंटर व लाइब्रेरी भी बनेंगे : उपायुक्त

**कैथल।** डीसी प्रीति ने मंगलवार रात्रि गांव बाकल में आयोजित रात्रि प्रवास कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही उनके समाधान के निर्देश दिए। लोगों की समस्याओं पर डीसी प्रीति ने संबंधित अधिकारियों को गांव में बैंक, सीएससी सेंटर एवं लाइब्रेरी खोलने के निर्देश दिए। एसपी आस्था मोदी सहित जिले के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। डीसी व एसपी ने लोगों से नशाविरोधी मुहिम में सक्रियता से योगदान देकर इस सामाजिक बुराई के खात्मे में सहयोग की अपील की। डीसी प्रीति ने कहा कि रात्रि प्रवास कार्यक्रम आमजन की समस्याओं को उनके घर द्वार पर जाकर सुनने व उनके प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम में गांव से संबंधित जो भी समस्याएं सामने आई हैं, उनका समाधान करवाया जाएगा। जिला प्रशासन जनता की सेवा के लिए हमेशा तैयार है। इसके माध्यम से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाती है। अपनी पात्रता के तहत सभी को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। इसके साथ ही डीसी ने लोगों से नशे को खत्म करने व यातायात नियमों को लेकर सीधी बातचीत की। डीसी ने कहा कि अभी हाल ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में नशे के खात्मे के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। नशा एक सामाजिक बुराई है। जिसे हमें मिलकर खत्म करना है। नशा व्यक्ति के शरीर को तो खोखला करता ही है, उसके साथ साथ समाज को भी खोखला करता है। यदि कहीं नशा किया जा रहा है तो प्रशासन को सूचना दें। उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। यातायात नियमों का पालन पुलिस के डर से नहीं बल्कि अपनी सुरक्षा के लिए करना चाहिए।

### चोरों ने मकान से लाखों का सामान किया चोरी

**कैथल।** सीवन में चोरों ने मकान में चोरी कर ली, लेकिन जैसे ही इसकी भनक पड़ोसी को लगी तो वह तुरंत मौके पर पहुंच गया और एक आरोपी को पकड़ लिया। आरोपी ने उसे ईंट मारकर भागने का प्रयास किया लेकिन भागने में सफल नहीं हो सका। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आरोपी को भी पुलिस के हवाले कर दिया। राजकुमार ने बताया कि 27 मई को वह घर से काम पर चला गया। बाद में चोरों ने उसके घर से सामान चोरी कर लिया। वहां पर चोरों की ओर से की जा रही तोड़फोड़ की भनक लगी तो पड़ोसी हरीश वधवा उन्होंने एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि उसके साथी भाग गए।

## श्याम वाटिका में मनाया मैंगो डे व फल महोत्सव

- पीले रंग के कपड़े पहनकर स्कूल पहुंचे विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना



**जींद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

श्री श्याम बाल वाटिका प्ले स्कूल में आज बेहद हर्षोल्लास और रंग-बिरंगे अंदाज़ में मैंगो डे मनाया गया। छोटे.छोटे नन्हें विद्यार्थियों ने पीले रंग के परिधान पहनकर विद्यालय को एक सुनहरे रंग से सराबोर कर दिया। साथ ही बच्चों ने पीले रंग के व्यंजन लाकर आम दिवस की शोभा को और भी बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पीले रंग के महत्व और ष्आमष को फलों का राजा क्यों कहा जाता हैए इसकी जानकारी दी गई। साथ ही बच्चों ने आम से संबंधित कविताएं भी बड़े उत्साह से प्रस्तुत कीं। बच्चों को बताया कि आम भारत का राष्ट्रीय फल है और यह स्वादए पोषण और संस्कृतिकृतीनों में ही विशेष स्थान रखता है। इसी क्रम में दूसरी कक्षा के छात्रों के लिए फ्रूट डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गयाए जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का अद्भुत परिचय दिया। प्रतियोगिता में कुशाल ने पहलाए सैम ने दूसराए माही ने तीसराए अंशु ने चौथा और पूर्वी ने पाँचवाँ स्थान प्राप्त किया। निर्णायकों के अनुसार बच्चों की कलाकृतियाँ इतनी सुंदर थीं कि पोजीशन देना एक कठिन कार्य बन गया था। कार्यक्रम की शोभा तब और बढ़ी जब विद्यालय निदेशक श्री कृष्ण अरोड़ा जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए फलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्फल हमारे शरीर को स्वस्थ और ऊर्जा से भरपूर रखते हैं। बच्चों को फलों का सेवन नियमित रूप से करना चाहिए।

## बदमाशों ने तोड़े शराब ठेके के कैमरे दरवाजे तोड़ने का भी किया प्रयास

- मोबाइल चार्जिंग पर न लगाने देने पर सेल्जमैन से हुई थी कहासुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव जैजैवंती शराब ठेके पर बीती रात बदमाशों ने सीसी टीवी कैमरे तोड़ दिए और दरवाजे तोडऩे की कोशिश की। जिससे शराब ठेके के लोहे के दरवाजे में छेद हो गए। सेल्समैन की शिकायत पर जुलाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव जैजैवंती शराब ठेके पर बीती रात गांव भौंगरा निवासी विक्रम ड्यूटी पर था। देर रात को दो युवक ठेके पर आए मोबाइल चार्ज करने को कहा। सेल्जमैन ने रात होने के चलते मोबाइल चार्ज लगाने से मना कर दिया। जिसके बाद युवकों ने शराब की बोतल खरीदी और गाली देते हुए चले गए। मध्यरात्री के बाद युवक फिर से शराब ठेके पर पहुंचे और दरवाजे पर रॉड तथा बिंडो से वार का तोडऩे की कोशिश की। आरोपितों ने सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए। सेल्जमैन ने घटना की सूचना शराब ठेकेदार तथा पुलिस को दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती तब तक आरोपित फरार हो चुके थे। पुलिस के जाने के बाद अलसुबह बदमाश फिर से शराब ठेके पर पहुंचे और दरवाजे पर फिर से वार किए। जिसके बाद आरोपित फिर से फरार हो गए। जुलाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## आरोही स्कूल में मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित

- बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कलायत।** गांव रामगढ़ पांडवा में आरोही माडल स्कूल शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन। फोटो :हरिभूमि

गांव रामगढ़ पांडवा स्थित राजकीय आरोही माडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बोर्ड परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान के लिए कार्यक्रम का मंच सजा। इसमें वर्ष 2024 में दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बीईओ सुरेश नैन ने शिरकत की। अध्यक्षता संस्थान प्रधानाचार्य डा.अश्विनी मंगला ने की। एसएमसी सदस्य और विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति में टॉपर्स को पारितोषिक प्रदान किए गए। बारहवीं में 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान पर रही छात्रा प्राची जगदेव, 92.4 प्रतिशत अंकों से दूसरे स्थान के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली खुशी, 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही किरण, चौथे स्थान पर रहे सागर व कोमल। दसवीं कक्षा के टॉपर्स में शामिल महक (98.4 प्रतिशत) सपना(97.2), अंशु (96.6), अमनप्रीत (95.6) और काजल (94.8)। इन होनहारों में क्रमश पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा और पांचवा स्थान हासिल करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। इस तरह कक्षा बारहवीं में कला संकाय की छात्रा प्राची, किरण और विजय ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसवीं कक्षा में अंशु (आई टी), सपना (गणित) और महक (अंग्रेजी) ने पूर्णांक (100/100) प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश नैन ने इस शानदार प्रदर्शन के लिए प्रधानाचार्य के साथ-साथ सभी स्टाफ सदस्यों का उत्साह बढ़ाया। विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई भी प्रेषित की। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व सदस्यों ने भी भाग लिया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डा.अश्विनी मंगला ने सभी टॉपर्स को बधाई दी।

## विद्यार्थियों में फोन प्रयोग करने के प्रति जागरूकता होनी जरूरी: रेखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



महिला पुलिस अधिकारी रेखा रानी को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रधानाचार्य व लिगल सैल प्रभारी

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बात्ता में लीगल लिटरेसी सेल द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया। कानूनी विषयों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिए सेमीनार में मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता के रूप में महिला थाना से पुलिस अधिकारी रेखा रानी ने शिरकत की। सेमीनार का लक्ष्य फोन टैब और इंटरनेट का दुरुपयोग पर अंकुश लगाने एवं वर्तमान दौर में स्कूली बच्चों को साइबर अपराध में जाने से रोकने का रहा। रेखा रानी ने कहा कि स्कूल, कॉलेज व अन्य संस्थानों में विद्यार्थियों में फोन प्रयोग के प्रति जागरूकता जरूरी है। फोन के दुरुपयोग से ही बच्चे साइबर क्राइम की दुनिया में प्रवेश करते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से यह जरूरी है कि लड़कियां किसी के बहकावे में आकर जिंदगी को खराब न करें। गुमराह होकर लड़कियों के घर छोड़ने के परिणाम बेहद चिंता जनक हैं। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, पोक्सो एक्ट और जुवेनाइल एक्ट की जानकारी दी। जानकारी के अभाव में बच्चे अपराधों में लिप्त हो जाते हैं। इससे परिवार व समाज के बिखरकर रह जाते हैं। प्राचार्य सुभाष चंद ने ऐसे आयोजनों को जागरूकता के लिए जरूरी बताया।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए इनैलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा।

## भाजपा ने प्रदेश को अराजकता फैलाई, शहीदों का भी अपमान

**पूंडरी।** इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और उसकी कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि भाजपा ने न केवल हरियाणा को अराजकता की ओर धकेल दिया है, बल्कि अब देश के लिए बलिदान देने वालों और उनके परिवारों का भी अपमान करना शुरू कर दिया है। पूंडरी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए माजरा ने रा'यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के हालिया बयान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिवार की महिलाओं को वीरांगना नहीं बताना न केवल शर्मनाक है, बल्कि यह देश की सुरक्षा में बलिदान देने वालों के मान-सम्मान का अपमान है। एक ओर देश के जवान सीमा पर जान न्यौछावर कर रहे हैं, और दूसरी ओर भाजपा नेता शहीदों के परिवारों को अपमानित कर रहे हैं। यह भाजपा की असंवेदनशील राजनीति का परिचायक है। उन्होंने बताया कि इस घृणित बयान के खिलाफ इनेलो की महिला इकाई जल्द ही रामचंद्र जांगड़ा के निवास पर प्रदर्शन करेगी और उन्हें माफी मांगने पर मजबूर करेगी। इनेलो प्रदेशाध्यक्ष ने हरियाणा सरकार की भर्ती प्रणाली को लेकर भी गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने युवाओं से झूठे वादे कर वोट बटोरे, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्हीं युवाओं को भर्ती घोटालों, गलत बोनस अंक, और प्रक्रियागत खामियों के जरिए बाहर का रास्ता दिखाया गया। सरकारी नौकरी की तैयारी में अपनी उम्र और जीवन लगा देने वाले युवाओं को पहले कोर्ट के चक्कर लगवाए और अब उन्हें कच्चा कर्मचारी बना दिया गया है।

### जिले में 30 मई तक विद्यार्थियों को सिखाए जाएंगे योग के गुर

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य बनाने की कवायद में जुटा प्रशासन

- 16 से 18 जून तक जिला स्तर पर किया जाएगा आयोजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** मीटिंग में मौजूद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर मनाये जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सम्बन्धित एसडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। आमजन की सक्रिय भागीदारी इस कार्यक्रम में होए इसके लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुरू कर दिया गया है।

आयुष विभाग द्वारा 26 मई से 28 मई तक जिला के सभी डीपीई व पीटीआई को योग का प्रशिक्षण प्रदान कर दिया गया है।डीसी मोहम्मद इमरान रजा बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर डीसी को कुछ आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। डीण्सीण मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को धूमधाम से मनाने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है।

योग दिवस की मुख्य थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग पर आधारित होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए योग दिवस को लेकर 28 से 30 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तहत जिले के सभी स्कूलों में विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। 12 जून से 14 जून को खंड स्तर पर योग शिविरों का आयोजन होगा। सीआरएसयू में 16 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर मंत्रियों, सांसद, विधायक, प्रशासनिक अधिकारी, अन्य सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं इच्छुक जन साधारण को योग प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण योग विशेषज्ञों व आयुष योग सहायकोंए योग समितियों के योग शिक्षकों व योग प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा।

### 16 से 19 तक योग संगोष्ठी सेमिनार

जागरूकता के लिए 16 से 19 जून के बीच में योग संगोष्ठी या सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। 19 जून को योग मैराथन होगी। यह मैराथन दौड़ प्रातः छह बजे अर्जुन स्टेडियम नजदीक रानी तालाब से एकलव्य स्टेडियम तक आयोजित की जाएगी। सभी जिलावासी इस योग मैराथन दौड़ में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लें। संबंधित अधिकारी गांव स्तर पर गठित कमेटियों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य व्यक्तियों से मिलकर योग के प्रति जागरूक करे और खंड, उपमंडल एवं जिला स्तर पर मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करवाएं ताकि योग की महता जन-जन तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने बताया कि अलेवा खंड की नई अनाज मंडी, नरवाना की नई अनाज मंडी, उचाना की अनाज मंडीए उझाना में कन्या गुरूकुल खरल, सफीदों में नई अनाज मंडी, पिल्लेखड़ा में नई अनाज मंडी तथा जुलाना की नई अनाज मंडी में खंड स्तरीय योग शिविरों का आयोजन होगा।

### धार्मिक संस्थाओं से भी जुड़ने का आह्वान

*डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओंए योग से जुड़े सभी संगठनों, आमजन से आहवान किया कि वे सभी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में अपनी सक्रिय भागीदारी करते हुए शामिल हो। इस मौके पर एसपी कुलदीप सिंह, एसडीएम जींद सत्यवान सिंह मान, एसडीएम नरवाना जगदीश चंद्र, एसडीएम जुलाना होशियार सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।*